राधे ओ राधे | By Mukesh Bagda

राधे ओ राधे .....
कान्हा रूठा दिल टूटा
अब तू ही आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे तू आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे ओ राधे .....

सुनता हूँ मेरे कान्हा तेरे दिल में है समाये
राधे को जो आराधे उसे श्याम स्वयं मिल जाए
राधे कृष्णा कृष्णा राधे
एक दूजे में ऐसे बिराजे
भेद ना कोई जाने
अब तू ही आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे तू आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे ओ राधे .....

करू तन मन मैं निछावर
मोहन से जो मिला दे
श्यामा गुणगान करू मैं
जो श्याम के दरस करा दे
एक सृष्टि और एक हैं दोनों
दोनों के आधार हैं दोनों
अब तो दरस करा दे
अब तू ही आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे तू आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे ओ राधे .....

मिल जाए श्याम मुझको
जीवन सफल हो मेरा
मोहन के पावन ह्रदय में
हर दम हो वास हो तेरा
अधर पे बंसी ह्रदय में राधे
रटते हैं श्याम राधे राधे
श्याम तेरे हैं राधे
अब तू ही आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे तू आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे ओ राधे .....

तूने श्याम से मिलान कराया
तुझको नमन हो मेरा

नाम जग में मेरी राधे
सबसे बड़ा हो तेरा
वेद पुराण का सार हैं दोनों
भव के पालनहार हैं दोनों
शीश तू अमन झुका दे
अब तू ही आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे तू आसरा दे
मुझे श्याम से मिला दे
राधे ओ राधे .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%93-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/